दिनांकः 06.04.2024 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज पुष्कर के पास चुनावी सभा को करेंगे संबोधित–घोषणा पत्र को लेकर कांग्रेस पार्टी की जयपुर में जनसभा।
- भारतीय जनता पार्टी का 45वां स्थापना दिवस आज–जयपुर स्थित पार्टी के प्रदेश मुख्यालय पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन।
- करौली के कैलादेवी में आज से चैत्र नवरात्र मेला शुरू।
- प्रदेश में कुछ स्थानों पर हुई बारिश से तापमान में गिरावट।

....................

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज अजमेर जिले में पुष्कर के पास चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। वे इस सभा के जरिये अजमेर से पार्टी प्रत्याशी के पक्ष में समर्थन जुटाएंगे। श्री मोदी की लोकसभा चुनाव के लिए प्रदेश में यह तीसरी जनसभा है। श्री मोदी का नागौर से पार्टी प्रत्याशी के लिए प्रचार करने का कार्यक्रम भी है।
दूसरी ओर, कांग्रेस पार्टी भी आज जयपुर में अपने घोषणा पत्र को लेकर जनसभा करेगी। इस सभा को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और पार्टी की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी के संबोधित करने का कार्यक्रम है। सभा को सफल बनाने के लिए कांग्रेस ने व्यापक तैयारियां की हैं।

....................

इससे पहले, कल मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जयपुर के चाकसू में दौसा लोकसभा सीट से पार्टी प्रत्याशी कन्हैया लाल मीणा के समर्थन में रोड़ शो किया।

....................

प्रदेश में दूसरे चरण में होने वाले मतदान के लिए 13 लोकसभा क्षेत्रों की मतदाता सूचियां प्रकाशित कर दी गई हैं। ये सूचियां निर्वाचन विभाग की बेवसाईट पर उपलब्ध हैं। इन निर्वाचन क्षेत्रों में कुल 2 करोड़ 80 लाख 78 हजार से ज्यादा मतदाता पंजीकृत हैं। इनमें से 26 हजार 837 सर्विस वोटर्स हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि इनमें 1 करोड़ 44 लाख 48 हजार से ज्यादा पुरुष, 1 करोड़ 36 लाख 2 हजार से अधिक महिला और 324 थर्ड जेंडर मतदाता हैं। 18 से 19 वर्ष आयु के 8 लाख 66 हजार से अधिक नये मतदाता पंजीकृत हुए हैं।
दिव्यांग मतदाताओं की संख्या 3 लाख 22 हजार से ज्यादा है जबकि 85 वर्ष से अधिक आयु के 3 लाख 1 हजार से अधिक मतदाता हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि प्रदेश के सभी 25 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में से पाली में सबसे ज्यादा 23 लाख 48 हजार से अधिक और सबसे कम लगभग 19 लाख मतदाता दौसा में है।

....................

भारतीय जनता पार्टी आज अपना 45वां स्थापना दिवस मना रही है। इस अवसर पर जयपुर स्थित पार्टी के प्रदेश मुख्यालय पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और प्रदेश अध्यक्ष सी.पी. जोशी ध्वजारोहण कर कार्यक्रम की शुरूआत करेंगे। वे पार्टी की विभिन्न गतिविधियों के संदर्भ में लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन करेंगे। इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश चुनाव प्रभारी डॉ. विनय सहस्त्रबुद्धे सहित प्रदेश पदाधिकारी और भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे। भाजपा प्रदेश सह–प्रभारी विजया राहटकर ने बताया कि पार्टी देशभर के 10 लाख से ज्यादा बूथों पर विशेष कार्यक्रमों का आयोजन कर रही है।

....................

कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के लिए घोषणा पत्र जारी कर दिया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पार्टी की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी ने कल नई दिल्ली में ये घोषणा पत्र जारी किया। इसमें रोजाना चार सौ रुपये की न्यूनतम मजदूरी की गारंटी, हर गरीब परिवार को सालाना एक लाख रुपये, केन्द्र

सरकार की नौकरियों में महिलाओं के लिए पचास प्रतिशत सीटों का आरक्षण, न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी और राष्ट्रीय स्तर पर जाति आधारित जनगणना के वायदे शामिल हैं।

....................

आम चुनाव में सभी मतदाताओं की सक्रिय भागीदारी और शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए कल से ''आओ बूथ चलें अभियान'' आयोजित किया जाएगा। सप्ताहभर चलने वाले इस अभियान के तहत मतदान केन्द्रों पर मतदाता पर्ची और मतदाता मार्गदर्शिका का वितरण किया जाएगा। मतदाताओं को वोटर हेल्पलाइन एप, केवाईसी और सी–विजिल एप की जानकारी दी जाएगी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतदान दिवस पर मतदान केन्द्र में लगे सेल्फी पॉइंट पर लोग सेल्फी लेकर मुख्य निर्वाचन अधिकारी राजस्थान की वेबसाइट पर पोस्ट कर सकते हैं। इनमें से बेस्ट सेल्फी को पुरस्कृत किया जाएगा। सुबह 7 बजे से 10 बजे तक हैप्पी आवर्स में मतदान करने वाले मतदाताओं से वृक्षारोपण करवाकर सम्मानित किया जाएगा।

....................

लोकसभा चुनाव क्षेत्र के परिदृश्य में हम आपको लेकर चलते हैं भरतपुर –
प्रदेश में पहले चरण में होने वाले लोकसभा चुनाव में भरतपुर की सीट महत्वपूर्ण सीटों में मानी गई है। इस सीट पर सबकी नज़र इसलिए है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भरतपुर जिले के ही निवासी हैं। ऐसे में इस सीट पर विभिन्न राजनैतिक दलों के छह चुनाव प्रत्याशियों के मैदान में होने से मुकाबला रोमांचकारी हो गया है।

....................

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आकाशवाणी समाचार जयपुर की ओर से मतदाता जागरूकता के लिये संदेश श्रृंखला चलायी जा रही है। इसमें श्रोता संदेश भेजकर आमजन को वोट डालने के लिए प्रेरित कर सकते हैं। श्रोता अपने संदेश रिकॉर्ड कर या टाईप कर व्हॉट्सअप नम्बर 94140–52368 पर भेज सकते हैं। चुनिन्दा संदेशों को समाचार बुलेटिनों में स्थान दिया जा रहा है। इसी कड़ी में आज सुनिये जयपुर से हमारे श्रोता का संदेश –

....................

करौली के कैलादेवी में आज से चैत्र नवरात्र मेला शुरू हो रहा है। 22 अप्रैल तक चलने वाले इस मेले में आस–पास के राज्यों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। हमारे संवाददाता ने बताया कि यात्रियों की सुविधा की ओर प्रशासन ने विशेष इंतजाम किये हैं।

....................

उधर, हनुमानगढ़ में मां भद्रकाली का मेला परसों से शुरू होगा। इसके लिए देवस्थान विभाग की ओर से तैयारियां की जा रही हैं। इस नौ दिन के मेले के दौरान मतदाता जागरुकता के कार्यक्रम होंगे।

....................

प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ के असर से मौसम में बदलाव देखा जा रहा है। कई स्थानों पर हुई बरसात के बाद तापमान में गिरावट दर्ज की गयी है। इससे तेज गर्मी से थोड़ी राहत मिली है। राजधानी जयपुर में आज अलसुबह कई स्थानों पर बारिश हुई। सवाईमाधोपुर में रातभर रुक–रुक कर हल्की बरसात का सिलसिला जारी रहा। भीलवाडा के गुलाबपुरा में शाम को बूंदाबांदी हुई। जोधपुर के भोपालगढ और बावड़ी में शाम को वर्षा हुई।
इससे गेहूं की पकी हुई फसल को नुकसान पहुंचने की आशंका है। मौसम विभाग के अनुसार आज अलवर, भरतपुर और आस–पास के क्षेत्रों में कहीं–कहीं हल्की बारिश की संभावना है।

....................

चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग ने करौली के हिण्डौन में एक निजी अस्पताल को सीज कर दिया है। विभाग के दलों ने कल छह निजी अस्पतालों का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान गंभीर अनियमितता पाए जाने पर इस अस्पताल पर कार्रवाई कर एफआईआर दर्ज की गयी है। चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने बताया कि हिंडौन के कुछ निजी अस्पतालों में अनियमितता की लगातार शिकायतें मिल रही थीं।

....................